आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 22.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

देशभर में आज से वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की नई दरें आज से लागू हो गईं हैं इन दरों में मुख्य रूप से अब पांच फीसदी और 18 फीसदी की दो–दो श्रेणी बनाई गई हैं लग्जरी और विलासितापूर्ण वाली वस्तुओं पर अलग से 40 फीसदी कर लगेगां सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें आज से प्रभावी हो गईं हैं आज से जीएसटी बचत उत्सव की भी शुरूआत हुई 29 सितम्बर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के साथ ही व्यवसायी वर्ग को प्रेरित करना हैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं की सेवा के दृढ़ संकल्प का प्रमाण हैं केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि उद्योगों को राहत देने, व्यापार को बढ़ावा देने, कर दरों को सरल बनाने और देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जीएसटी सुधार लाए गए हैं

00000

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों पर आधारित दो संकलित पुस्तकों, "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास" का विमोचन कियां इस अवसर पर श्री राधाकृष्णन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के चौथे और पाँचवें वर्ष के चुनिंदा भाषणों वाली ये पुस्तकें कई मायनों में सुशासन के प्रति उनके दृष्टिकोण को दर्शाती हैं इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को जनसेवा का माध्यम बनाया हैं श्री वैष्णव ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम को लागू कर रहा है, जिसके तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा हैं

0000

देशभर में आज से शारदीय नवरात्र शुरू हो गए हैं सुबह से ही मां दुर्गा के मंदिरों और घर–घर में घटस्थापना की जा रही हैं नौ दिन के इस अनुष्ठान में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा–अर्चना की जाएगीं नवरात्र के पहले दिन आज देवी के शैलपुत्री स्वरूप की आराधना की जा रही हैं सीकर में जीण माता मंदिर में श्रद्धालुओं का आने का सिलसिला लगातार जारी हैं वहीं डूंगरपुर के देवी मंदिरों और पाली शहर के प्राचीन जोगमाया मंदिर, आशापुरा मां के मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज मुख्यमंत्री निवास स्थित मां राज राजेश्वरी मंदिर में विधिवत रूप से पूजा–अर्चना कीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नवरात्र के अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं कोटा में आज से राष्ट्रीय दशहरा मेला शुरू होगां मेले की शुरूआत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगें 132वें इस राष्ट्रीय दशहरे मेले को तिरंगे की थीम पर सजाया गया हैं ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित यह मेला इस बार विशेष आकर्षण का केन्द्र होगां

00000

आज महाराजा अग्रसेन जयंती हैं इस अवसर पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं इस अवसर पर पाली में आज शहर के मुख्यमार्गो से होते हुए शोभायात्रा निकाली गईं कोटपूतली बहरोड़ में महाराजा अग्रसेन के जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगां

00000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर इकाई ने हाथोज के पटवारी नरेंद्र मीणा और दलाल विकास शर्मा को 30 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैं ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि पटवारी नरेंद्र मीणा के विरूद्ध कालवाड़ रोड पर स्थित 10 बीघा ज़मीन का नामांतरण खोलने की एवज में 50 लाख रूपये की माँग की शिकायत मिली थीं इस पर सत्यापन के

बाद एसीबी ने कार्रवाई को अंजाम देते हुए पटवारी के दलाल विकास शर्मा को गिरफ्तार किया, वहीं पटवारी ट्रैप की आशंका के चलते मौके से फरार हो गयां

0000

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में मानसून की बरसात का दौर अब भी जारी हैं पिछले 24 घंटों में उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ और झालावाड़ जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई उदयपुर जिले में सबसे अधिक लगभग 2 इंच बारिश हुई वहीं राज्य के पश्चिमी जिलो में दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही हैं मौसम विभाग ने आज 9 जिलों में बारिश का यलो अजर्ट जारी किया हैं विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों में राज्य के दक्षिणी जिलों में हल्की वर्षा की संभावना है, जबकि पश्चिमी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान हैं

00000